## महत्वपूर्ण एवं खास

### खेत मे फटा यूजीबीएल,दो बच्चों की मौत

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में खेत में पड़ा यूबीजीएल (बेरेल ग्रेनेड लांचर) फ टने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। यह घटना इंद्रावती नदी पार बोडग़ा गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार बोडग़ा गांव के पास खेत में बच्चे खेल रहे थे, इस दौरान खेत में पड़ा था जिंदा यूबीजीएल फट गया, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों के शव लेकर भैरमगढ़ अस्पताल के लिए निकले किंतु बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि घटना की सूचना मिली है, तस्दीक की जा रही है।

### रिटायर्ड एएएसी के पुत्र ने मोबाईल टॉवर में चढ़कर किया हंगामा

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के भिलाई टाउनशिप में रविवार देर शाम एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा और कूदने की धमकी देने लगा। यह घटना भिलाई के सेक्टर-8 की है। इसकी सूचना आस पास खेल रहे बच्चों ने लोगों को दी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने भिलाई पुलिस को सूचना भेजी। पुलिस के आने के बाद पता चला कि युवक जिले से रिटायर हुए एडिशनल एसपी कविलाश टंडन का 31 वर्षीय बेटा लक्की टंडन है। जिसके बाद पुलिस की बड़ी मिन्नतों के बाद युवक नीचे उतरा। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई नगर पुलिस को रविवार रात सूचना मिली कि सेक्टर 8 में बीएसएनएल के मोबाइल टावर पर कोई चढ़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ की टीम को फ ोन किया, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही युवक पुलिस वालों की मिन्नतों के बाद टावर से नीचे उतर आया। नीचे उतरने पर पुलिस कर्मियों ने उसे ढांटा जिसपर युवक अंग्रेजी में बात करते हुए पुलिस को ही कानून का पाठ पढ़ाने लगा। युवक ने नाम लक्की टंडन पिता कविलाश टंडन निवासी सेक्टर-8 बताया। इसके बाद पुलिस उसे पकडक़र थाने ले आई। जहां उसे देर रात तक काउंसलिंग दी गई और फिर हिदायत देकर छोड़ दिया गया। जानकारी मिली है कि लक्की काफ ी पढ़ा लिखा है, उसने पुलिस को बताया कि वह हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई करके लौटा है। शराब पीने का आदी है, अभी काम की तलाश में है। बता दें कि कविलाश टंडन दुर्ग पुलिस में एडिशनल एसपी के पद पर रहे हैं और रिटायर हो चुके हैं।

### पूर्व एमएलए सड़क हादसे में घायल

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे मोहितराम केरकेट्टा सडक़ दुर्घटना का शिकार हो गये। बताया जा रहा है कि वो अपनी कार में कोरबा से पाली की तरफ जा रहे थे। तभी सडक़ पर अचानक मवेशी आ गये। जिसे बचाने के चक्कर में चालक का कार पर से नियंत्रण हट गया और तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे पेड़ से जा टकरायी। इस हादसे में चालक और पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा को चोटे आई है। वहीं कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।जानकारी के मुताबिक सडक़ दुर्घटना का ये मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि तानाखार के पूर्व कांग्रेस विधायक मोहितराम केरकेट्टा अपनी सेडान कार में कोरबा से कटघोरा होते हुए पाली अपने निवास जा रहे थे। इसी दौरान कटघोरा के लखनपुर बाईपास मार्ग पर तेज रफ्तार कार के सामने अचानक मवेशी आ गये। मवेशियों को बचाने के चक्कर में पूर्व विधायक के चालक ने कार का स्टेयरिंग मोड़ दिया। जिससे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकरायी।बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयंकर था कि कार के सामने का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कार के चालक और पूर्व विधायक को भी चोटे आई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल पूर्व विधायक और चालक को कार से बाहर निकाला गया। फिलहाल इस हादसे के बाद पूर्व विधायक ने खुद की सलामती की जानकारी दी है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर ओपन व वूमेन फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप पिथौरा में

# प्रदेश के दिग्गज खिलाड़ियों का 64 खानों के बीच होगा कड़ा मुकाबला : 7 जून से बिछेगी पिथौरा में शतरंज की बिसात

❑ इनाम स्वरूप 85000 की नगद राशि खिलाड़ियों को प्रदाय किए जायेंगे

दुर्ग । आरएनएस



छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से पिथौरा के अग्रसेन भवन में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला व पुरुष की राज्य चयन स्पर्धा कराई जाएगी। राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे व आयोजन समिति के संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य की प्रतिष्ठित सीनियर स्पर्धा है जिसे ऑल इंडिया चेस फेडरेशन द्वारा फीडे रेटिंग की मान्यता दी गई है।इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश की टीम बनेगी जिसमें महिला व पुरुष वर्गो से अलग -अलग टॉप 4 खिलाडिय़ों का चयन राष्ट्रीय चयन स्पर्धा के लिए किया जावेगा।

यह राज्य चयन स्पर्धा 9 चक्रों में अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए खिलाडिय़ों का छत्तीसगढ़ के नाम से ए आई सी एफ आई डी , ऑल इंडिया चेस फेडरेशन व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ से 2024 का जीवित पंजीयन आवश्यक है। स्पर्धा हेतु विस्तृत जानकारी के लिए खिलाड़ी राज्य शतरंज संघ द्वारा जारी ब्रोशर अथवा वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाडिय़ों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। स्पर्धा में कुल ? 85000 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप खिलाडिय़ों को दिए जायेंगे।

**पुरस्कार का विवरण इस प्रकार है -** मुख्य पुरस्कार के तहत पहला 12 हजार व ट्रॉफी, दूसरा 10 हजार व ट्रॉफी, तीसरा 8 हजार व ट्रॉफी,चौथा 6 हजार व ट्रॉफी, पांचवां से छठवां तक 4 हजार-4 हजार व मेडल तथा सातवां से दसवां तक 2000 -2000 व मेडल।

**वूमेन कैटेगरी में -** पहला 7हजार व ट्रॉफी, दूसरा 5 हजार व ट्रॉफी, तीसरा 4 हजार व ट्रॉफी तथा पांचवां से आठवां तक 2-2 हजार व मेडल। इसके अलावा विशेष पुरस्कार के अंतर्गत बेस्ट महासमुंद को 2 हजार व मेडल, बेस्ट बस्तर संभाग 2हजार व मेडल, बेस्ट सरगुजा संभाग 2 हजार व मेडल, बेस्ट वेटरन 2 हजार व मेडल, स्पेशली एबल 2 हजार व मेडल, यंगेस्ट प्लेयर 2 हजार व मेडल विजेताओं को इनाम स्वरूप दिए जायेंगे।

स्पर्धा में भाग लेने हेतु 1 हजार प्रवेश शुल्क रखा गया है। सरगुजा व बस्तर संभाग के खिलाडिय़ों के लिए एंट्री फीस में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी गई है। स्पर्धा फीडे रूल्स के तहत स्विस पद्धति से खेली जावेगी जिसमें प्रत्येक खिलाडिय़ों को टाइम कंट्रोल के तहत 60-60 मिनट व प्रत्येक चाल में 30 सेकंड की इंक्रीमेंट दिए जायेंगे।स्पर्धा के दरमियान निर्धारित समय पर खिलाडिय़ों को प्रतियोगिता स्थल में रहना अनिवार्य है।अगर कोई खिलाड़ी 15 मिनट विलम्ब से पहुंचता है तो उनके अपोनेंट को वॉक ओवर दे दिया जाएगा। स्पर्धा संबंधी अन्य किसी आवश्यक जानकारी हेतु हेमन्त खुटे ,टेक्निकल हेल्प व राज्य संघ से पंजीयन हेतु रॉकी देवांगन तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से नए पंजीयन या नवीनीकरण हेतु ओमप्रकाश से खिलाड़ी उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर खिलाड़ी अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।

## अलग-अलग सडक़ हादसों में तीन युवकों की मौके पर मौत, 3 घायल

सूरजपुर/कवर्धा । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के तीन अलग-अलग जिलों में हुए सडक़ हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई है. जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं. पहली घटना कवर्धा जिले की है. नेशनल हाईवे 30 पेट्रोल पंप के पास बिरकोना गांव में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया. हादसे में एक युवकी की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है. दूसरी घटना बालोद जिले की है. बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात ट्रक ने चपेट में ले लिया. हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा युवक घायल है. तीसरी घटना सूरजपुर जिले की है. दो बाइक आपस में टकरा गई. जिसमें एक युवक की मौके पर मौत ही गई. वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है.

### कार ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

**कवर्धा।** बीती रात तेज रफ्तार टाटा हेक्सा ने मोटर साइकिल को रौंद दिया. मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया. यह घटना नेशनल हाइवे 30 पेट्रोल पंप के पास बिरकोना गांव की है. घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृत युवक का नाम पुनाराम जिंदा गांव का निवासी है. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दी है. आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला पिपरिया थाना का है.

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, एक घायल

**बालोद।** झलमला और घोटिया के मध्य स्थित ग्राम हर्राठेमा में मोटरसाइकिल सवार युवकों को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया है. मृतक युवक की पहचान तरुण हिडक़ो 32वर्ष ग्राम मुल्लेगुड़ा निवासी के रूप में हुई है. वहीं घायल युवक अमन हिडक़ो हर्राठेमा गांव निवासी बताया जा रहा है. दोनों युवक हर्राठेमा गांव से अरजगुंडरा गांव शादी में शामिल होने जा रहें थे. घटना की सूचना पर पहुंची बालोद पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा. वहीं पुलिस घटनास्थल पर मर्ग कायम कर कार्रवाई में जुटी हुई है.




### दो बाइकों के बीच जबरदस्त टक्कर, एक की मौत

**सूरजपुर।** सूरजपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के ऊंचडीह रोड में दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में एक बाइक सवार यूवक की मौत हो गई. एक युवक गंभीर रूप से घायल है. घायल को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है.

## मकान में तराई के दौरान करंट से ग्रामीण की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कुटेलामुड़ा गांव में आज सुबह करंट की चपेट में आने से 31 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल लाया गया लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। कटघोरा पुलिस ने परिजनों की सूचना पर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर यह घटना हुई। शारदा पाल ने इस मामले को लेकर बताया कि कुटेलामुड़ा में कंवर परिवार के द्वारा मकान बनाया जा रहा है। पहले हिस्से की छत ढलाई के बाद यहां पानी की तराई की जा रही है। आज सुबह इस काम को शंकर सिंह कंवर पिता सकुर सिंह कर रहा था। छत के हिस्से के पास से ही सीएसईबी की सर्विस लाइन गई हुई है। संबंधित केबल कवर्ड नहीं था। पानी डालने के दौरान शंकर सिंह का संपर्क खुले हुए केबल से हो गया। जिसके साथ ही वह करंट की चपेट में आने से छटपटाने के साथ झुलसकर गिर पड़ा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग हरकत में आए। मामला समझ में आने के साथ आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीडित पक्ष ने कटघोरा आरक्षी केंद्र में इस मामले को लेकर सूचना दी है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

## शादी में आए युवक की चाकू मारकर हत्या

❑ हत्या में शामिल नाबालिग गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. मोहलई गांव एक युवक की पांच लोगों ने मिलकर हत्या कर दी. मोहलई में मृतक ओमप्रकाश के दोस्त की शादी चल रही थी. इस दौरान पंचशील नगर के पांच नाबालिग भी पहुंचे. पांचों की ओमप्रकाश से पुरानी रंजिश चल रही थी. वहीं शादी में जाने के बाद सभी आरोपियों ने पुरानी रंजिश को खत्म करने युवक को अकेले में बुलाया. इसी दौरान चाकू मारकर ओमप्रकाश की हत्या कर दी गई. मामले के सभी नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात लगभग 12.15 बजे ओम प्रकाश और पांचो आरोपी शादी स्थल से कुछ दूरी पर मिले। इस बीच विवाद खत्म करने की बात पर बहस होने लगी। बात-बात में विवाद बढ़ता गया और एक नाबालिग ने चाकू निकाल कर ओमप्रकाश का गला रेत दिया. इससे ओम प्रकाश लहूलुहान होकर गिर गया. वहीं घटना को अंजाम देने के बाद पांचों नाबालिग मौके से भाग गए। चाकू लगने के बाद भी ओमप्रकाश गले में हाथ दबाते हुए शादी स्थल तक पहुंचा और वहीं गिर गया. यह देख शादी समारोह में सनसनी फैल गई. इसके बाद वहां से उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई. मृतक सेंटरिंग मिस्त्री का काम करता था। घटना की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया और कुछ घंटों में पांचों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया।

## 10वीं, 12वीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

❑ टैबलेट, किताबें देकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने किया प्रेरित

कोरबा । आरएनएस

दसवीं और बारहवी बोर्ड के नतीजें आने के साथ खुशियों में समाएं शुभ अग्रवाल, गामिनी कुमारी और कृतिका कुमारी के लिए आज का दिन भी खुशियों से भरा रहा। जिले के गौरव इन तीनों होनहार विद्यार्थियों से मिलते ही कलेक्टर अजीत वसंत ने न सिर्फ उनकी पीठ थपथपाई, अपितु मिठाई खिलाकर टैबलेट देकर उन्हें लक्ष्य हासिल करने और सफलता की राह में आगे बढऩे की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के हाथों टैबलेट और उनसे मिले सम्मान पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए यह टैबलेट उनके बहुत काम आएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान चुनौतियां भी सामने आती हैं। आप सभी को चुनौतियों से घबराना नहीं है। जो भी लक्ष्य है उसे प्राप्त करना है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में राज्य में मेरिट आने वाले तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आज कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया।

उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर, हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें।

उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोज पाण्डेय, सहायक संचालक के.आर. डहरिया आदि उपस्थित थे।

## मुतवेंडी -पीड़िया के जंगलों से 14 माओवादी गिरफ्तार

❑ कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद

बीजापुर । आरएनएस

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक रविवार 12 मई को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर मुतवेंडी-पीडिय़ा की ओर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पीडिय़ा - मुतवेंडी के मध्य जंगल से विस्फ ोटक एवं भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 14 माओवादियों को पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गये माओवादियों ने अपना नाम 1. रेनु कोवासी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीपीसीएम, ईनाम 08.00 लाख, 2. मंगली अवलम, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 08.00 लाख, 3. बिच्चेम उईका, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 05.00 लाख, 4. शर्मिला कुरसम, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख, 5. लक्ष्मी ताती, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख, 6. बबीता हेमला, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, 7. सावित्री पूनेम, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, 8. मैनू ओयाम ऊर्फ लच्छु, डिविजन टेलर टीम, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, 09. पायकी माड्वी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, सदस्य , 02.00 लाख, 10. टोकलू माड़वी, गंगालूर एलओएस सदस्य, ईनाम 01.00 लाख, 11. सन्नू लेकाम, डीएकेएमएस अध्यक्ष पीडिय़ा, ईनाम 01.00 लाख, 12. बिच्चेम कुंजाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य (आरपीसी कोरचोली), 13. लखू पूनेम, जीआरडी कमांडर (इतावर) तथा 14. पाण्डू मुचाकी, भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमांडर, पीडिय़ा बताया।

माओवादियों से बारीकी से पूछताछ कर मार्ग में आईइडी प्लांट करने के लिये छुपाये गये 04 नग टिफ िन बम, 02 नग कुकर बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, गैती, फावड़ा, सब्बल, पटाखा बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को बड़ा नुकसान पहुचाने की नीयत से पीडिय़ा - मुतवेंडी मार्ग पर आईइडी प्लांट करने की योजना थी।

## ट्रेलर वाहनो व ट्रको में डीजल चोरी करने व लूटपाट करने वाले गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

कोरबा । आरएनएस

पिछले दिनों एक ट्रेलर चालक से मारपीट कर नगदी तथा उसके वाहन से डीजल लूटने के मामले में पुलिस ने दो आदतन बदमाशों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से लूट गया डीजल व लूट में इस्तेमाल एक पिकअप वाहन बरामद किया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धरम यादव पिता श्रीराम नारायण यादव उम्र 39 वर्ष निवासी बांकीमोंगरा कोरबा ने पुलिस सहायता केद्र जटगा में एफआईआर दर्ज कराया कि दिनांक 11 मई उसने अपनी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी -04 एन.व्ही. 8357 मे चालक जावेद को बिजारी रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लांट म.प्र. मे खाली करने भेजा था। ड्राईवर जावेद मिस्त्री ने रात्रि 2 बजे लगभग उसे फ ोन करके बताया कि मैं रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लाट जा रहा था कि ग्राम सिरकी बाम रोड़ में मेरे उक्त ट्रेलर को सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3788 में सवार तीन लोगों ने रूकवाकर मुझे ट्रेलर से नीचे उतार कर अपने कब्जे में रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रेलर वाहन का चाबी निकाल कर ट्रेलर के डीजल टंकी से 60 लीटर वाली जरीकेन में भरकर बगल में रखे एक प्लास्टिक के ड्रम में खाली करते हुए मेरी ट्रेलर वाहन से लगभग 150 ली डीजल निकाल लिया है तथा मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते हुए मेरे पेंट के पैकेट में रखे 3 हजार रूपये भी लूट लिए है। जिस पर प्रार्थी धरम यदव की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित किया गया। टीम ने मुखबीर की सूचना पर संदेही इन्द्रपाल साहू एवं शरद साहू को घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया तो उन्होंने उक्त लूट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। जिसके बाद प्रार्थी के ड्रायवर से संदेहीयो की पहचान कर बयान लिया गया तथा बयान के आधार पर आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त पीकप वाहन क्रमांक सीजी12 बीसी 3788 व प्लास्टिक की 2 जारीकेन में भरा हुआ डीजल लगभग 100 लीटर तथा नगदी रकम 2000 रूपये उनके कब्जे से बरामद किया गया है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी कलसाय यादव दिनांक घटना समय से घटना घटित कर फरार है जिसकी पता तलाश जारी है। मामले में आरोपीगण इन्द्रपाल साहू पिता जीवन साहू उम्र 22 वर्ष,शरद साहू पिता जीवन साहू उम्र 28 वर्ष दोनो साकिन साहूपारा कटोरी नगोई के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इन्द्रपाल साहू के खिलाफ पुर्व पुलिस सहायता केन्द्र जटगा में और थाना भटगाँव जिला सूरजपुर में 3 चोरी के मामले पंजीबद्ध है तथा आरोपी शरद साहू के खिलाफ पूर्व में थाना कटघोरा में मारपीट का अपराध पंजीबद्ध है तथा फरार आरोपी कलसाय यादव के खिलाफ पूर्व में थाना विश्रामपुर जिला सूरजपूर आम्र्स एक्ट और नकबजऩी के 2 अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांण्ड पर न्यायालय कटघोरा भेजा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU